प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

निर्वाचन आयोग आज आगामी विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। उम्मीद है कि आयोग जम्मू–कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित करेगा। हाल ही में आयोग ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए जम्मू–कश्मीर और हरियाणा का दौरा किया था। इससे पहले, सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को इस साल सितंबर तक जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था। वहीं हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को समाप्त होने वाला है। बता दें कि इन दोनों राज्यों के अलावा झारखंड और महाराष्ट्र में भी इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं।

****

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आज बैठक की गयी। राजनीतिक दलों ने सुझाव दिया कि लोगों को जागरूक करने के लिए वार्ड स्तर पर सभी मतदान केंद्रों पर बैठक होनी चाहिए। बैठक में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, स्थानांतरण संबंधी जानकारी भी दी गयी। इधर रांची विधानसभा क्षेत्र में चार नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। देवी मंडप रोड स्थित विश्वनाथन अपार्टमेंट, ओटीसी ग्राउंड के पास आस्था रेसीडेंसी, पीपी कंपाउंड स्थित सहदेव टावर और खादगढ़ा स्थित आकांक्षा अपार्टमेंट में नये केंद्र बनाये गये हैं।

****

कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म और उसकी हत्या किये जाने के विरोध में जूनियर डॉक्टर्स का देशव्यापी आंदोलन जारी है। रांची के रिम्स के जूनियर डॉक्टर्स भी हड़ताल पर हैं। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन–जेडीए ने बयान जारी कर कहा कि जूनियर डॉक्टरों पर हुए हमलों के मद्देनजर रिम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स ने प्रदर्शन को जारी रखने का फैसला किया है।

****

विश्व प्रसिद्ध सावन मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर वैधनाथ एप्प की शुरुआत की गई है। एप्प के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुविधाओं से जुड़ी जानकारी मिल रही है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर आज श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्हें कोटि–कोटि नमन किया। राज्यपाल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर कहा कि विश्वपटल पर एक आदर्श की प्रतिमूर्ति माने जाने वाले इस महान व्यक्तित्व ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रहित और मानव–कल्याण में समर्पित कर दिया। उनके आदर्श और विचार प्रेरणादायी हैं।

****

देवघर जिले केसोना–राय–ठाढी थाना क्षेत्र के दोंदिया पिपरसोल गांव स्थित एक डोभा से आज सुबह एक ही परिवार के तीन बच्चों के शव बरामद किये गये। मरने वालों में 8 वर्षीय शिवम कुमार और 11 वर्षीय दीपक कुमार सगे भाई हैं जबकी एक 12 वर्षीय दिवाकर कुमार चचेरा भाई था। सभी एक ही घर में रहते थे। दो बच्चों का शव बाहर निकाल लिया गया है। एक बच्चे का शव निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम की मदद मांगी गई है। स्वजनों का आरोप है कि आपसी विवाद के कारण तीनों बच्चों की हत्या कर दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

****

चतरा जिले के हंटर गंज प्रखंड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के दंतार गांव के दो बच्चे 12 अगस्त से लापता हैं। लापता बच्चों में धीरज कुमार और अरविंद कुमार हैं। दोनों के परिजनों ने थाना में सनहा दर्ज कराया है। दोनों के परिजनों ने पुलिस से लापता बच्चों की खोजबीन की अपील की है।

******समाप्त******